कार्यालय,क्षेत्रीय उच्चशिक्षा अधिकारी,
सेक्टर–एम,आशियाना,निकटस्मृतिउपवन,लखनऊ–226012
Email-rheolko@gmail.com

पत्रांक : क्षे0का0ल0 / 854-58/ 2024–25
दिनांक– 10 / 06 / 2024

सेवामें,

प्राचार्य (लखनऊ,अयोध्या,देवीपाटनमण्डल एवं जनपद–प्रतापगढ़।)
1–क्षेत्रान्तर्गत स्थित समस्त **राजकीय महाविद्यालय,**
2–क्षेत्रान्तर्गत स्थित समस्त **अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय,**
3–क्षेत्रान्तर्गत स्थित समस्त **स्ववित्त पोषित महाविद्यालय**

विषय **विश्व योग दिवस–2024 के तत्वावधान में ऑनलाईन ''शपथ–ग्रहण'' का ''विश्व कीर्तिमान'' स्थापित करने के संबंध में।**

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल द्वारा दिनांक 11.06.2024 को की गयी वर्चुअल बैठक तथा पत्रांक ई–4284 / 32–जी0एस0 / 2023–XXII दिनांक 11.06.2024 द्वारा विश्व योग दिवस का विश्व कीर्तिमान बनाकर ''गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड'' में स्थान प्राप्त करने के सम्बन्ध में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में आप सभी से सहयोग अपेक्षित है कि आगामी 21 जून,2024 को विश्व योग दिवस से पूर्व समस्त महाविद्यालयों / संस्थानों में कार्यरत अधिकारियों, शिक्षकों / शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, उनके परिजनों, अध्ययनरत छात्र–छात्राओं एवं पूर्व छात्र (alumni) द्वारा दिनांक 12.06.2024 (अर्थात 11.06.2024 की रात्रि 12.00 बजे से) से दिनांक 18.06.2024 तक (दिनांक 18.06.2024 की रात्रि 12.00 बजे तक) SMS/ Whatsapp द्वारा प्रेषित लिंक के माध्यम से **<u>अथवा</u>** Online portal पर जाकर Online Pledge ''शपथ–ग्रहण'' किया जायेगा।

इस हेतु प्रत्येक संस्थान एन0सी0सी0 / एन0एस0एस0, एल्युमिनाई संगठन, स्टूडेन्ट काउन्सिल आदि के सहयोग एवं समन्वय से निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति हेतु ऑनलाईन शपथ लेने हेतु प्रोत्साहित करेंगे तथा एन0सी0सी0 एवं एन0एस0एस0 कार्यक्रम के अधिकारियों एवं विद्यार्थियों से संवाद स्थापित कर उन्हें इस संबंध में प्रेरित किया जायेगा। समस्त प्राचार्य द्वारा निरन्तर अनुश्रवण कर ऑनलाइन शपथ–ग्रहण करने की निम्न प्रकिया से भी सबको अवगत कराया जायेगा :–

<u>ऑनलाइन शपथ–ग्रहण करने हेतु प्रकिया (Steps to take Online Pledge) :-</u>

- http://rajbhawanyogapledge.in पर जायें।
- शपथ पढ़ने के बाद, ड्राप डाउन में से अपने विश्वविद्यालय का नाम चुनें / यदि आप किसी विशिष्ट विश्वविद्यालय से सम्बन्धित नहीं है, तो आप ''Others'' चुन सकते हैं।
- अपना नाम दर्ज करें।
- अपना फोन नम्बर दर्ज करें।
- Send OTP पर क्लिक करे
- OTP प्राप्त होने पर OTP दर्ज करें और Verify OTP बटन पर क्लिक करें।
- यदि OTP सही है तो ''I Take the Pledge'' सक्रिय हो जायेगा।

कार्यालय,क्षेत्रीय उच्चशिक्षा अधिकारी,
सेक्टर–एम,आशियाना,निकटस्मृतिउपवन,लखनऊ–226012
Email-rheolko@gmail.com

पत्रांक : क्षे0का0ल0/854-58/2024–25
दिनांक– 11 /06/2024

- "I Take the Pledge" बटन पर क्लिक करें।
- आपको अगले पृष्ठ पर ले जायेगा, जहॉं आप प्रमाण पत्र डाउनलोड लोड कर सकते हैं।

विश्व योग दिवस–2024 के तत्वावधान में ऑनलाईन "शपथ–ग्रहण" का "विश्व कीर्तिमान" स्थापित करने की इस मुहिम में आप सभी का अधिकाधिक सहयोग अपेक्षित है।

भवदीय,

डॉ0(सुधीर कुमार)
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
लखनऊ।

पृ0संख्या/क्षे0का0ल0/ 854-58 /2024–25 तद्दिनांक

प्रतिलिपि :–

1–अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल/कुलाधिपति, राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश को प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2–कुलसचिव,लखनऊ विश्वविद्यालय, कुलसचिव,डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या एवं कुलसचिव, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर को इस अनुरोध से प्रेषित कि स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों को अपने स्तर से सूचित कराने का कष्ट करें।

डॉ0(सुधीर कुमार)
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
लखनऊ।